# शांति से ऊपर हो गई राजनीति, डोनाल्ड ट्रंप को नहीं मिला नोबेल तो भड़क गया व्हाइट हाउस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** नोबेल पीस प्राइज का ऐलान होते ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक सपना बिखर गया। शांति के नोबेल के लिए ही वह उन युद्धों को भी रुकवने का क्रेडिट लेते रहे जो वास्तव में हुए ही नहीं। यहां तक कि भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्धविराम पर उन्होंने 10 से ज्यादा बार अपनी पीठ थपथपाई। वहीं जब नोबेल पी प्राइज मारिया कोरिना मचाडो को मिला तो उन्होंने कहा कि वह अपने लिए कभी नोबेल प्राइज नहीं मांग रहे थे। अब व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को नोबेल शांति पुरस्कार समिति की आलोचना करते हुए उस पर वैश्विक शांति में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के योगदान को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। ट्रंप विभिन्न असत्यापित दावों के आधार पर इस सम्मान को पाने की कोशिश करते रहे हैं, जिनमें भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने का दावा भी शामिल है।


विश्वनाथ मम नाथ पुरारी । त्रिभुवन महिमा बिदित तुम्हारी ।।
नाथ कृपां अब गयेऊ बिषादा । सुखी भयउँ प्रभु चरण प्रसादा ।।
|| Ram Katha 965 – *मानस गोपनाथ || Gopnath, Mahua ( Gujarat) || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 88 | इंदौर, शनिवार 11 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए




# एमपीपीएससी परिसर का होगा सौंदर्यीकरण, महापौर ने निरीक्षण किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। रेसीडेंसी कोठी स्थित मप्र लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) परिसर को और सुंदर बनाया जाएगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शुक्रवार को यहां का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह बिल्डिंग इंदौर का गौरव और बढ़ाएगी। यहां आने वाले स्टूडेंट के लिए सुविधाएं बढ़ाने के साथ सेल्फी पॉइंट भी बनाया जाएगा।**

शहर की प्रशासनिक पहचान इसके कार्यालय, चौराहे और आसपास के इलाकों का जल्द ही पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण किया जाएगा। ट्रैफिक व्यवस्था को भी दुरुस्त किया जाएगा। महापौर ने नगर निगम और ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों को जल्द ही विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि इंदौर आने वाले अभ्यर्थियों को शहर की स्वच्छता, सुव्यवस्था और नागरिक सुविधाओं का अनुभव होना चाहिए। यह क्षेत्र प्रशासनिक अभ्यर्थियों के लिए पहला अनुभव बिंदु है, इसलिए इसका स्वरूप इंदौर की छवि के अनुरूप होना चाहिए। इस मौके पर लोक सेवा आयोग के चेयरमैन प्रदीप लाल मेहरा, राखी सहाय, नगर निगम के अपर आयुक्त अर्थ जैन, यातायात विभाग के प्रभारी अश्विनी जनवदे और अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे।



# सागर की वासू मनु गैंग के मेंबर पकड़ाए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरानगर पुलिस ने सागर की मशहूर वासू और मनू गैंग के मेंबरों को गुरुवार रात पकड़ा है। आरोपी इंदौर में वारदात को अंजांम देने आए थे। पकड़ाए दो आरोपियों पर सागर के मोतीनगर और कोतवाली में अड़ीबाजी और अवैध हथियार सहित अन्य मामलों के दर्जनों अपराध दर्ज हैं।**

टीआई सुशील पटेल की टीम ने बाइक नंबर एमपी09पीवी2724 पर जाते हुए घेराबंदी कर राघव पुत्र माधव जरिया निवासी सागर, ओम उर्फ किटू पुत्र गणेश यादव निवासी पगारिया और अनुराग उर्फ मयंक पुत्र हरिओम सोनी निवासी आदर्श नगर बीना को पकड़ा है।आरोपियों के पास से एक चाकू, पिस्टल और मैग्जीन बरामद की गई है। जिसमें दो जिंदा कारतूस मिले हैं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह एक युवक से यहां अवैध रुपए मांगने आए थे। टीआई के मुताबिक अनुराग उर्फ मयंक सागर की मशहूर वासू मनु गैंग का मेंबर है। इस गैंग का काम अवैध तरीके से वसूली करना है। मनु पर सिटी कोतवाली, गोपालगंज और मोतीनगर में करीब 15 अपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। जिसमें अवैध वसूली और मारपीट जैसे अपराध हैं। वहीं राघव सोनी पर मकरोनिया, मोतीनगर और कोतवाली थाने में चोरी, मारपीट और अवैध वसूली जैसे करीब 22 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं पुलिस ओम के आपराधिक रिकार्ड निकाल रही है।

# अब गड्ढों से मिलेगी मुक्ति शुरू हुआ सड़कों पर पेंचवर्क

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहरवासियों को गड्ढों से मुक्ति मिलेगी। मानसून सीजन खत्म होने के बाद नगर निगम ने शहर के प्रमुख मार्ग पर पेंचवर्क शुरू कर दिया है। इस बार बारिश के कारण शहर की कई मार्गों पर गड्ढे हो गए थे। इससे लोगों को वाहन चलाने में परेशानी आती थी। गड्ढों के कारण कई हादसे भी हुए।**

खराब सड़कों को लेकर कांग्रेस ने भी भाजपा निगम परिषद को घेरना शुरू कर दिया था।गुरुवार को कांग्रेस नेताओं ने मुसाखेड़ी क्षेत्र में खराब सड़क पर बैठकर प्रदर्शन भी किया था और नगर निगम परिषद सम्मेलन में भी इसका मुद्दा उठाया था। गुरुवार रात को शहर के एमजी रोड, तुकोगंज, चंद्र नगर रोड, मधुमिलन मार्ग सहित कई मार्गों पर डामर का पेंचवर्क शुरू कर दिया गया। यातायात बाधित न हो, इसलिए रात का समय इस काम के लिए चुना गया। अफसरों का कहना है कि बारिश के समय डामर प्लांट शुरू नहीं हो पाते हैं और वर्षा काल के दौरान किया गया पेंचवर्क ज्यादा समय तक नहीं चलता।इस कारण मानसून खत्म होने का इंतजार किया जा रहा था।अब शहर की सड़कों पर गड्ढे भरना शुरू हो गए हैं। शहर में कुछ स्थानों पर ब्रिज निर्माण, सीवरेज लाइन,मेट्रो ट्रैक का निर्माण हो रहा है। इस कारण बारिश में उसके आसपास की सड़क भी खराब हो गई थी। सत्यसांई चौराहा की सर्विस रोड, एमआर 10 रोड, खजराना सर्विस रोड,अटल द्वार रोड सहित कई मार्गों पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए थे। मेघदूत गार्डन मार्ग पर सड़क धंसने का मामला तो सोशल मीडिया पर चर्चा में रहा था। इस मामले में निगम ने टेलीकॉम कंपनी के ठेकेदार पर बैगर अनुमति सड़क खोदने पर जुर्माना भी लगाया था।



# अर्जुन बडौदा ब्रिज पर युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शिप्रा में अर्जुन बडौदा ब्रिज के पास दो दिन पहले एक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि उसकी पत्नी और दो बच्चे घायल हुए थे। गुरुवार रात फिर से वहीं हादसा हुआ, जिसमें एक युवक की मौत हो गई और उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल है।

शिप्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटना गुरुवार रात करीब 10 बजे की है। बाइक सवार अरविंद (30), पुत्र उत्करण सुनेरिया, निवासी गारी पिपलिया और उसके दोस्त राकेश (45), पुत्र गंगालाल चौहान, को अज्ञात वाहन ने बाइक पर घर लौटते समय टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल ले जाया गया। रात में अरविंद की मौत हो गई, जबकि राकेश की हालत गंभीर बनी हुई है। अरविंद फेब्रिकेशन का काम करता था। उसके परिवार में उसकी 5 साल की बेटी, माता-पिता और एक छोटा भाई हैं। राकेश के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। पुलिस के अनुसार, टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश जारी है।

# व्यापारियों के साथ बैठक में लिए 5 बड़े फैसले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर शहर के हृदय स्थल राजवाड़ा में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए यातायात पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आनंद कलादगी ने एक महत्वपूर्ण बैठक ली। इस बैठक में सराफा एसोसिएशन, शीतलामाता बाजार, बर्तन बाजार, और कपड़ा बाजार सहित अन्य व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी और व्यापारी शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों के सुझावों को सुनकर यातायात व्यवस्था में सुधार करना था। इस बैठक में एडिशनल डीसीपी संतोष कौल, एसीपी रेखा परिहार, एसीपी हेमंत चौहान और अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि राजवाड़ा क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए व्यापारियों के सहयोग से संयुक्त रूप से ठोस कदम उठाए जाएंगे। बैठक के दौरान व्यापारियों ने डीसीपी के समक्ष कई प्रमुख समस्याएं रखीं। इनमें सवारी रिक्शा में माल ढुलाई, शीतलामाता बाजार और अन्य बाजारों में ठेलों और रिक्शाओं के कारण होने वाले यातायात अवरोध, और सराफा बाजार में चौपाटी के ठेलों का शाम 7 बजे से लगना प्रमुख था, जिससे यातायात बाधित होता है।

## डीसीपी द्वारा दिए गए दिशा-निर्देश

1. **व्यापारियों द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार करते हुए, डीसीपी आनंद कलादगी ने यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए:**
2. सवारी रिक्शा में माल ढोने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।
3. बालाजी टावर के पीछे, गोराकुंड, सुभाष चौक और फ्रूट मार्केट की स्मार्ट पार्किंग का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। व्यापारियों ने भी अपने वाहन व्यवस्थित रूप से पार्किंग में रखने पर सहमति जताई।
4. नगर निगम, यातायात पुलिस और स्थानीय थाना पुलिस मिलकर यातायात में बाधक बन रहे अतिक्रमण और ठेलों को हटाने के लिए संयुक्त अभियान चलाएगी।
5. सड़कों पर बेतरतीब ढंग से और नो-पार्किंग जोन में खड़े वाहनों पर क्रेन के माध्यम से कार्रवाई की जाएगी। व्यापारियों को भी सफेद मार्किंग के बाहर वाहन न खड़े करने की चेतावनी दी गई है।
6. गोराकुंड से नरसिंह बाजार की ओर का मार्ग नो-एंट्री रहेगा, जबकि नरसिंह बाजार से गोराकुंड की ओर का मार्ग वन-वे के रूप में संचालित होगा।

# इंदौर के 3 कांग्रेस नेताओं को बनाया जिला प्रभारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्यप्रदेश कांग्रेस ने अपने संगठन सृजन अभियान के तहत इंदौर के तीन वरिष्ठ नेताओं को अलग-अलग जिलों का प्रभारी नियुक्त कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इन नेताओं में से दो इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए दावेदार थे, जबकि एक पूर्व में जिला अध्यक्ष रह चुके हैं।**

इस अभियान के तहत कांग्रेस ने इंदौर जिला प्रभारी रवि जोशी को हटा दिया है। अब उन्हें भोपाल का प्रभार सौंपा गया है, जबकि उनकी जगह ग्वालियर ग्रामीण के प्रभारी रहे संजीव सक्सेना को इंदौर का नया जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, यह बदलाव संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करने और निष्क्रिय नेताओं को हटाकर सक्रिय नेताओं को आगे लाने की रणनीति का हिस्सा है। सदाशिव यादव (पूर्व जिला अध्यक्ष, इंदौर):इन्हें देवास जिले की ग्रामीण विधानसभा सीटों का प्रभारी बनाया गया है। यादव ने बताया कि देवास शहर की जिम्मेदारी शेरा को दी गई है।अरविंद बागड़ी (पूर्व कार्यवाहक शहर अध्यक्ष):उन्हें नीमच जिले का प्रभारी बनाया गया है। बागड़ी ने कहा कि वे जल्द ही नीमच पहुंचकर संगठन को मज कबूती देने का काम शुरू करेंगे।अमन बजाज (शहर अध्यक्ष पद के दावेदार):उन्हें झाबुआ जिले का प्रभारी बनाया गया है। बजाज ने कहा कि नए संगठनात्मक ढांचे से कांग्रेस को और अधिक सक्रिय व सशक्त बनाया जाएगा।सूत्रों के अनुसार, इन नेताओं को भविष्य में प्रदेश कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष या महासचिव जैसे बड़े पद भी दिए जा सकते हैं।

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 88 | इंदौर, शनिवार 11 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## पहली बार इंदौर में किसी पार्षद को अयोग्य घोषित किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कांग्रेस के टिकट से पार्षद पद का चुनाव लड़े अनवर कादरी को भाजपा परिषद के पार्षदों ने बहुमत के आधार पर अयोग्य घोषित कर दिया है। इस मामले में कांग्रेस की तरफ से यह कहा गया कि पार्षद पद से हटाने का अधिकार संभागायुक्त को है। वैसे भी अभी तक कादरी पर दोष सिद्ध नहीं हुआ है। मामला कोर्ट तक जा सकता है, हालांकि जब सम्मेलन में यह प्रस्ताव आया तो कांग्रेस पार्षद वॉकआउट कर सदन के बाहर चले गए थे। दो तिहाई बहुमत के आधार पर कादरी की पार्षदी छिन ली गई। नगर निगम में 40 वर्षों के इतिहास में यह पहला मौका है जब किसी पार्षद को अयोग्य घोषित किया गया हो। वर्ष 1994 में महापौर मधुकर वर्मा के कार्यकाल में एक बार एक कांग्रेस पार्षद को अयोग्य घोषित करने की मांग नगर निगम कर्मचारियों ने पुरजोर तरीके से उठाई थी,क्योंकि वे कर्मचारियों से गालियां देकर बातें करते थे। आपको बता दे कि अनवर कादरी पर लव जिहाद की फंडिंग सहित पंद्रह से ज्यादा आपराधिक केस विभिन्न थानों में दर्ज है। उसे अपराध की दुनिया में डकैत के नाम से भी जाना जाता है। फिलहाल वह जेल में बंद है। पार्षद अनवर कादरी ने अपना जबाव पेश किया। उधर संभागायुक्त कार्यालय की तरफ से अभी पार्षद को अयोग्य घोषित करने की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। पूर्व संभागायुक्त दीपक सिंह ने पुलिस विभाग से पार्षद के आपराधिक केसों के बारे में जानकारी मंगाई थी। इसके बाद कादरी को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा गया था, लेकिन उसके बाद आगे एक्शन नहीं लिया गया। कादरी इसे आधार बनाकर कोर्ट की शरण ले सकता है। मेयर पुष्य मित्र भार्गव का कहना है कि कादरी के पार्षद बने रहने से शहर की धूमिल होती है। इस कारण हमने उन्हें हटाने का प्रस्ताव मंजूर किया, लेकिन जब इस प्रस्ताव पर चर्चा होती थी। तब कांग्रेस पार्षद अपनी बात बगैर रखे सदन छोड़कर चले गए। कांग्रेस ने कादरी के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद भी कोई एक्शन नहीं लिया तो क्या यह समझा जाए कि कांग्रेस लव जिहाद का समर्थन करती है।

◆पाकिस्तान में पुलिस ट्रेनिंग स्कूल पर बड़ा हमला

## 3 पुलिसकर्मियों की मौत, एनकाउंटर में 6 आतंकी भी ढेर

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान में आतंकियों ने एक पुलिस ट्रेनिंग स्कूल पर आत्मघाती हमला करने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षाबलों ने इसे नाकाम कर दिया. इस मुठभेड़ में छह आतंकवादी मारे गए, जबकि तीन पुलिसकर्मियों की भी मौत हो गई. पुलिस के मुताबिक, हमला प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) के आतंकियों द्वारा किया गया था. आतंकियों का मकसद स्कूल में घुसकर बड़ा हमला करने का था, लेकिन पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उन्हें ढेर कर दिया. पुलिस ने बताया कि डेरा इस्माइल खान के डीपीओ की अगुवाई में पुलिस ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया. पाकिस्तान में हाल के समय में टीटीपी के हमले काफी बढ़ गए हैं. उधर अफगान तालिबान के साथ संबंधों में खटास भी पाकिस्तान के लिए मुश्किल का सबब बनती जा रही है.दूसरी तरफ शुक्रवार को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के चनाब नगर में अहमदी समुदाय की बेत-उल-महदी मस्जिद पर जुमे की नमाज के बाद आतंकी हमला हो गया, जिसमें कई वॉलंटियर्स घायल हो गए और एक हमलावर मारा गया.

# मध्य प्रदेश ट्रैवल मार्ट 2025 का सीएम आज करेंगे शुभारंभ

### होंगे कई फिल्मी और पर्यटन हस्तियां शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट (एमपीटीएम) 2025 का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास राज्यमंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी करेंगे। मुख्यमंत्री शुभारंभ से पहले विशिष्ट आमंत्रित डेलीगेट के साथ वन-ऑन-वन मीटिंग्स में पर्यटन निवेश और सहयोग के अवसरों पर विचार-विमर्श करेंगे। इसी अवसर पर भारत भवन में मुख्यमंत्री की उपस्थिति में पर्यटन विभाग और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे। इस समझौते का उद्देश्य राज्य में एएसआई द्वारा संरक्षित स्मारकों के आसपास पर्यटन अधोसंरचना और सुविधाओं का विकास करना है।



कार्यक्रम में इंडियन एसोसिएशन फॉर टूर ऑपरेटर्स (आईएटीओ) के प्रेसिडेंट रवि गोसाई, अभिनेता रघुबीर यादव, हर्षिल टूर एण्ड ट्रेवल्स के प्रवीण शाह, आईएचसीएल के प्रवीण चंदेर कुमार और क्यूरियस जर्नी की मिशेल इमेलमेन सहित 700 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। इसमें 27 देशों के 100 से अधिक विदेशी टूर ऑपरेटर, 150 घरेलू टूर ऑपरेटर और 355 सेलर्स उपस्थित होंगे।

मुख्यमंत्री इस अवसर पर रायसेन जिले में गोल्फ कोर्स और खंडवा जिले में वेलनेस रिसॉर्ट के लिए निवेशक विनायक कालानी को लैटर ऑफ अवॉर्ड देंगे। इसके अलावा कर्ली टेल्स, बालाजी टेलीफिल्म और अतावी बर्ड फाउंडेशन के साथ पर्यटन क्षेत्र में सहयोग के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे। मध्यप्रदेश फिल्म पर्यटन नीति के प्रभाव आकलन रिपोर्ट का विमोचन भी इस कार्यक्रम में किया जाएगा। मध्य प्रदेश में हनुवंतिया, मांडू और तामिया में टेंट सिटी की स्थापना के लिए लेटर ऑफ अवॉर्ड दिए जाएंगे। ओरछा में टेंट सिटी के संचालन के लिए आगमन संस्था को और हेलीकॉप्टर सेवा के लिए जेट सर्व एविएशन प्रालि व ट्रांस भारत एविएशन प्रालि को लेटर ऑफ अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा।

फैम ट्रिप्स के माध्यम से देश-विदेश से आए 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने खजुराहो, पन्ना, ओरछा, भीमबेटका, मढ़ई, पचमढ़ी, इंदौर, महेश्वर, मांडू, उज्जैन, जबलपुर, कान्हा, पेंच और भोपाल के पर्यटन स्थलों का अनुभव किया। इन यात्राओं में प्रतिनिधियों ने स्थानीय जीवनशैली, लोककला, हस्तशिल्प और ग्रामीण परिवेश से जुड़कर 'अतुल्य मध्य प्रदेश' की असली आत्मा का अनुभव किया। इस भव्य आयोजन से मध्य प्रदेश पर्यटन के प्रचार-प्रसार को नई गति मिलेगी और राज्य में निवेश के अवसरों में वृद्धि होगी।

# बेटे को गोद में बैठाया, फिर पेट्रोल डालकर आग लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राऊ इलाके में एक महिला ने अपने 5 महीने के बेटे को गोद में लेकर खुद पर पेट्रोल छिड़का और फिर आग लगा ली। इस घटना में दोनों की मौत हो गई।**



ये घटना गुरुवार शाम की है। दोनों को इलाज के लिए चोइथराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां रात में बेटे की मौत हो गई, जबकि शुक्रवार दोपहर महिला ने भी दम तोड़ दिया। दोनों के शव पोस्टमॉर्टम जिला अस्पताल में कराया गया है। मृतका के भाई ने दोनों को मुखाग्नि दी है। राऊ पुलिस के मुताबिक, घटना न्यू ब्रज विहार कॉलोनी की है। यहां रहने वाली सुमन (25) ने अपने पांच माह के बेटे प्रथम को गोद में लेकर खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। आसपास के लोगों ने दोनों को उपचार के लिए चोइथराम अस्पताल पहुंचाया, जहां देर रात प्रथम की मौत हो गई, जबकि सुमन ने शुक्रवार को दम तोड़ दिया। घटना के पीछे दंपति के बीच विवाद की बात सामने आई है। सुमन का पति कैलाश एक कारखाने में सिलाई का काम करता है। मृतका और उसका परिवार मूल रूप से भोपाल का रहने वाला है। दोनों की शादी साल 2022 में हुई थी। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच आए दिन विवाद होता था। फिलहाल राऊ पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### अमेरिकी सेना के लिए गोला-बारूद बनाने वाली फैक्ट्री में जोरदार धमाका

# 19 लोगों की मौत की आशंका

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अमेरिका के दक्षिणी राज्य टेनेसी में एक सैन्य विस्फोटक निर्माण इकाई में हुए भीषण धमाके में 19 लोग लापता हैं और उनके मरने की आशंका है. यह हादसा एक्यूरेट एनर्जेटिक सिस्टम नाम की कंपनी में हुआ, जो ग्रामीण इलाके में स्थित है और सैन्य इस्तेमाल के लिए विस्फोटक बनाती है. स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 7:45 बजे हुए इस धमाके की आवाज मीलों दूर तक सुनी गई. हम्फ्रीज काउंटी के शेरिफ क्रिस डेविस ने कहा, 'यह एक भयानक दृश्य है, 19 लोग अभी तक लापता हैं.' हालांकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर मृतकों की संख्या की पुष्टि नहीं की.

सामने आई तस्वीरों से पता चला कि कंपनी का हिलटॉप इलाका पूरी तरह से धुएं और मलबे में तब्दील हो गया है. विस्फोट के बाद एक इमारत पूरी तरह नष्ट हो गई, और उसके आसपास की गाड़ियां जलकर खाक हो गईं. मलबा आधे मील तक बिखरा हुआ था. बताया गया कि 15 मील (करीब 24 किलोमीटर) दूर तक धमाके के झटके महसूस किए गए.



कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक, एक्यूरेट एनर्जेटिक सिस्टम आठ इमारतों वाले परिसर में विस्फोटक और गोला-बारूद बनाती और टेस्ट करती है. यह सुविधा बकस्नोर्ट इलाके में स्थित है, जो नैशविल से करीब 97 किलोमीटर (60 मील) दक्षिण-पश्चिम में है.

हम्फ्रीज काउंटी इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी की प्रवक्ता ग्रे कॉलियर ने बताया कि अब आगे किसी और विस्फोट का खतरा नहीं है और दोपहर तक स्थिति नियंत्रण में ले ली गई थी. इमरजेंसी टीम को शुरुआती घंटों में प्लांट के अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई, क्योंकि वहां लगातार छोटे विस्फोट हो रहे थे.

# भारत दुनिया का इकलौता देश है, जहां सनातन संस्कृति से समाज चल रहा

## समाज के सहयोग और सामाजिक संस्थाओं की सक्रियता से संभव हुए हैं सामुदायिक महत्व के कई कार्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सामाजिक संस्थाएं समाज के सहयोग से सामुदायिक महत्व के कार्यों का संपादन और अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करती हैं। समाज के सहयोग से कई स्थानों पर मंदिर, शालाओं और अन्य सामुदायिक महत्व के भवनों का निर्माण और अन्य महत्वपूर्ण कार्य संपन्न हुए हैं। सरस्वती विद्या मंदिर द्वारा इस दिशा में की जा रही पहल और जनसामान्य द्वारा इसके लिए दिया जा रहा सहयोग सराहनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को रतलाम के काटजू नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में नव निर्मित 'संघ शताब्दी सभागार' का लोकार्पण करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।**






मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुनिया में कई देश सैन्य और आर्थिक रूप से मजबूत है, लेकिन भारत दुनिया का इकलौता देश है, जहां सनातन संस्कृति से समाज चल रहा है। हम शक्ति में विश्वास न करते हुए संस्कारों में विश्वास करते हैं और सर्वे भवन्तु सुखिनः के भाव के साथ चलते हैं। भारत हजारों सालों से विश्व गुरू रहा है हमने तक्षशिला, नालंदा, विक्रमादित्य विश्वविद्यालयों के माध्यम से दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई थी। दुनिया के कई देशों के लोग सुशासन की स्थापना के लिए अपने देश के नागरिकों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए भारत भेजते थे। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री श्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के आधुनिक विश्वकर्मा हैं। उनके नवाचार और विकास के कार्य आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उनके मार्गदर्शन में प्रदेश में नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन हुआ है, हमें इसे विस्तार देना है। कार्यक्रम को विद्या भारती के मध्य क्षेत्र के संगठन मंत्री श्री अखिलेश मिश्रा, विद्यालय के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सखलेचा, विद्या भारती मालवा प्रांत के अध्यक्ष श्री प्रकाश धनखड़ ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर छात्राओं ने स्वागत गीत पर आकर्षक नृत्य एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, गोपाल काकानी सहित जनप्रतिनिधि, स्कूल स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभागार के निर्माण के लिए राशिदान देने वाले दानदाताओं को भी सम्मानित किया।

# करवा चौथ के दिन छूटा साथ पति और पत्नी दोनों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना, एजेंसी। शहर में शुक्रवार सुबह आकाशवाणी के सामने एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर बैठी महिला प्रियंका कुशवाह और पति दीपक की मौत हो गई। इलाज के लिए भोपाल ले जाते समय दीपक ने भी दम तोड़ दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार पति-पत्नी करीब 20 फीट दूर जाकर गिरे।**

अनियंत्रित कार इसके बाद एक पेड़ से टकराई, जिससे पेड़ जड़ से उखड़ गया। कार में सवार पांच युवक भी घायल हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार की रफ्तार बहुत तेज थी। ड्राइवर ने ब्रेक लगाए, लेकिन कार करीब 50 फीट तक घिसटते हुए आगे चल रही बाइक से जा टकराई। बूढ़े बालाजी निवासी दीपक



कुशवाह अपनी पत्नी प्रियंका को लेकर आंगनवाड़ी के किसी काम से जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों ने घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए कई ऑटो वालों को रोकने की कोशिश की, लेकिन कोई भी मदद के लिए तैयार नहीं हुआ। बाद में एम्बुलेंस पहुंची और सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्रियंका को मृत घोषित कर दिया।वहीं दीपक को गंभीर घायल होने से भोपाल रेफर कर दिया। हालांकि, वे भोपाल पहुंच पाते, इससे पहले ही रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया।

# हवाला के रुपए दबाने के मामले में डीजीपी ने एसडीओपी पूजा पांडे को किया सस्पेंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी, एजेंसी। हवाला के रुपए दबाने के मामले में कार्रवाई जारी है। जबलपुर रेंज के डीआईजी ने पहले नौ पुलिसकर्मियों निलंबित किया था। अब एसडीओपी पूजा पांडे को डीजीपी कैलाश मकवाना ने सस्पेंड कर दिया है। वहीं, मामले में विभागीय जांच जारी है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने तीन करोड़ रुपए जब्त किए लेकिन दिखाए डेढ़ करोड़ रुपए। इस बात की भनक सीनियर**



**अधिकारियों को लगी तो हड़कंप मच गया।**

वहीं, मामले में सिवनी से भोपाल तक हड़कंप मचा है। डीजीपी तक सिवनी से रिपोर्ट आई तो उन्होंने एसडीओपी पूजा पांडे को भी निलंबित कर दिया है। पुलिस मुख्यालय ने अपने आदेश में कहा है कि आठ अक्टूबर की रात एनएच-44 शीलादेही बायपास सिवनी में चेकिंग के दौरान पकड़ी गई राशि में गंभीर कदाचार सामने आया है। इसमें एसडीओपी पूजा पांडे का संदिग्ध आचरण पाया गया है। इसके बाद निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही मामले की जांच रही है। आरोपी है कि हवाला कारोबारी रुपए के साथ नागपुर जा रहा था। पुलिस चेकिंग में गाड़ी पकड़ी गई तो बिना कार्रवाई के उसे छोड़ दिया गया। साथ ही कोई एफआईआर भी दर्ज नहीं हुई। कथित रूप से चर्चा है कि करीब डेढ़ करोड़ रुपए स्थानीय पुलिसकर्मियों ने आपस में बांट लिए। इस घटना के खुलासे के बाद एमपी पुलिस की किरकिरी हो रही है। साथ ही कई सवाल उठ रहे हैं। सिवनी की सीमा महाराष्ट्र बॉर्डर से लगता है। वहां चेकपोस्ट भी है। ऐसे में वसूली की शिकायतें आए दिन मिलते रहती है। अब देखना होगा कि वसूली के रुपए इन पुलिसकर्मियों और अधिकारियों के पास से जब्त होते हैं या नहीं।

### जबलपुर में करवा चौथ पर दर्दनाक सड़क हादसा

# मां-बेटी की मौत, पिता गंभीर रूप से घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** जबलपुर के तिलवारा थाना क्षेत्र के लम्हेटा बाईपास पर करवा चौथ के दिन एक दर्दनाक सड़क हादसे में डेढ़ वर्षीय मासूम बेटी और मां की मौत हो गई। मोटरसाइकिल सवार पिता गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, बरगी निवासी संतोष भूमिया अपनी पत्नी रागिनी भूमिया (25) और डेढ़ वर्षीय बेटी सुवन्या को लेकर भेड़ाघाट स्थित ससुराल करवा चौथ की पूजा के लिए जा रहे थे। रात लगभग आठ बजे लम्हेटा बाईपास पर तेज रफ्तार डंपर ने



मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

इस हादसे में मां-बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। सूत्रों के अनुसार, डंपर चालक ने टक्कर मारने के बाद मोटरसाइकिल सवार परिवार को रोड के बीच बने डिवाइडर पर चढ़ा दिया और फरार हो गया। पुलिस ने डंपर को जब्त कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# दवा कंपनी मालिक पर कोर्ट में हमले की कोशिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में कफ सिरप से 25 बच्चों की मौत के मामले में पकड़े गए दवा कंपनी मालिक गोविंदन रंगनाथन को शुक्रवार को परासिया कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान उन पर हमले की कोशिश की गई। लोगों और वकीलों ने हत्यारे को फांसी देने की मांग की। आरोपी रंगनाथन को प्रथम श्रेणी न्यायाधीश शैलेंद्र उइके की कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें 10 दिन की रिमांड पर सौंपा है। इससे पहले मध्य प्रदेश सरकार द्वारा विशेष जांच दल (एसआईटी) सुबह 11 बजे रंगनाथन को लेकर परासिया पहुंचा था। उसे परासिया थाने में रखा गया था। रंगनाथन की कंपनी श्रीसन फार्मास्युटिकल में बना कफ सिरप पीने से छिंदवाड़ा, बैतूल और पांढुर्णा में अब तक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है। कुछ बच्चों का नागपुर में इलाज चल रहा है।

# 'शिवराज बोले- मंत्री तो आते जाते रहते हैं मामा परमानेंट हैं'

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। राजधानी के एसआईआरटी में वन नेशन-वन इलेक्शन पर आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए। कार्यक्रम में हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज और एमपी बीजेपी की वन नेशन-वन इलेक्शन के प्रदेश संयोजक रोहित आर्या, सेज ग्रुप के डायरेक्टर संजीव अग्रवाल, युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रंजीत सिंह चौहान मौजूद थे।**

शिवराज के संबोधन के पहले बच्चों ने नारे लगाए तो शिवराज ने कहा वैसे भी यहां कौन सा मंत्री आया है। मंत्री तो आते और जाते रहते हैं मामा परमानेंट है। इसलिए यहां मामा ही आया है। शिवराज



ने कहा- बार-बार चुनाव होते हैं तो लोकसभा, विधानसभा चुनाव में साढ़े चार लाख करोड़ रुपए खजाने से खर्च होता है। ये तो बजट के माध्यम से खर्च होता है लेकिन पोस्टर, बैनर, सभाएं, हेलिकॉप्टर, गाड़ी, और फिर पैसा चंदा होता है। लाओ चंदा, देश भर से चंदा उगाही चलती है राजनीतिक दल अलग खर्चा करते हैं। जब अलग खर्चा करते हैं तो फिर पैसा कहां से आएगा एकत्र ही किया जाएगा। शिवराज ने कहा- जब चुनाव होता है तो मुद्दा ढूंढते हैं और मुद्दा क्या ढूंढते हैं जातिवाद, भाषावाद, वैसे तो जाति का पता नहीं चलता, लेकिन जब चुनाव आता है तो जाति, उसकी उपजाति। हमें तो इतने टिकट दो, हमारी संख्या तो इतनी संख्या है। एक बार मैं टिकट बांटने वाली कमेटी में था। एक जाति के लोगों को टिकट मिला, शाम को दूसरे लोग आ गए हमें तो मिला ही नहीं। हमने कहा कि टिकट दे तो दिया तो वे बोले वो तो दूसरे वाले हैं हमारी उपजाति दूसरी है। पता नहीं क्या-क्या निकाल लाते हैं तो जातिवाद बढ़ता है। इन सब समस्याओं का एक ही उपाय है संविधान में संशोधन करके लोकसभा और विधानसभा के चुनाव 5 साल में एक बार कराए जाएं।

**12 से 3 दिवसीय राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान- भोपाल, एजेंसी।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि 'पोलियो मुक्त भारत' हमारी सामूहिक जागरूकता और जनसहभागिता का परिणाम है। इसे बनाए रखने के लिये निरंतर सजग रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भारत के कुछ सीमावर्ती राष्ट्रों में अभी भी पोलियो के प्रकरण पाए जा रहे हैं, ऐसे में हमारी सतर्कता ही बच्चों की सुरक्षा है। इसी उद्देश्य से 12 से 14 अक्टूबर तक प्रदेश के 18 जिलों अनूपपुर, बैतूल, भिंड, भोपाल, छिंदवाड़ा, दतिया, देवास, ग्वालियर, नर्मदापुरम, जबलपुर, कटनी, खंडवा, खरगौन, मंडला, मंदसौर, मुरैना, नरसिंहपुर एवं नीमच में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण संचालित किया जा रहा है।

## संपादकीय

### अफगानिस्तान पर निगाहें जमाए हुए अमेरिका, चीन और पाकिस्तान को एक साथ बड़ा झटका

भारत ने एशिया में एक बड़ी चाल चल दी है। अफगानिस्तान पर निगाहें जमाए हुए अमेरिका, चीन और पाकिस्तान को एकसाथ बड़ा झटका दिया है। भारत आए तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से मुलाकात के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अफगानिस्तान के साथ पूर्ण राजनयिक संबंध बहाल करने का ऐलान कर दिया। जयशंकर ने काबुल में भारतीय दूतावास खोलने का भी ऐलान किया। जानते हैं भारत काबुल में ऐसा क्या कर रहा है, जो अमेरिका, चीन और पाकिस्तान तीनों को खटक सकता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत ने हमेशा से ही अफगानिस्तान का साथ दिया है। भारत काबुल स्थित अपने तकनीकी मिशन को पूर्ण दूतावास का दर्जा देगा। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने अफगानिस्तान में लोकतांत्रिक शासन के दो दशक के दौरान अफ़ग़ानिस्तान के सैन्य प्रशिक्षण, स्कॉलरशिप्स और नए संसद भवन के निर्माण जैसी मुख्य परियोजनाओं पर निवेश किया था। मगर, 2021 में अशरफ गनी सरकार के पतन के बाद तालिबान सत्ता में आ गया, जिससे ये ये चीजें कहीं पीछे छूट गईं। उस वक्त अफगानिस्तान में पाकिस्तान और चीन जैसे भारत के क्षेत्रीय प्रतिद्वंद्वियों को वहां अपना प्रभाव बढ़ाने का रास्ता मिल गया था। इसी साल जनवरी से भारत ने अफगानिस्तान के साथ रिश्ते फिर से बहाल करने के लिए कदम बढ़ा दिए थे, जब भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने दुबई में तालिबान के कार्यकारी विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी से मुलाकात की थी। यह मुलाकात अफगानिस्तान में तालिबान सरकार आने के बाद हुई दोनों देशों के बीच की सबसे उच्चस्तरीय वार्ता थी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, उस वक्त यह कहा गया कि तालिबान ने भारत के साथ राजनीतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करने में अपनी दिलचस्पी दिखाई है और इसे एक महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और आर्थिक ताकत करार दिया है। इस वार्ता का मुख्य मुद्दा व्यापार बढ़ाना और ईरान के चाबहार बंदरगाह का इस्तेमाल करना था। ये बंदरगाह भारत के रणनीतिक और कूटनीतिक हितों के लिए बेहद अहम है, जो पाकिस्तान जाए बिना अफगानिस्तान से होकर भारत को एक रास्ता देता है। अमेरिका के थिंक-टैंक विल्सन सेंटर के माइकल कुगलमैन के अनुसार, भारत ने अब तालिबान के नेतृत्व को स्वाभाविक मान्यता दे दी है, जिसकी तालिबैन सत्ता में वापस आने के बाद से अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मांग कर रहा था। अगर भारत जैसा राष्ट्र जिसने तालिबान के साथ कभी मैत्रीपूर्ण संबंध नहीं रखे थे,, वह अगर तालिबान के साथ सामान्य रिश्ते बना रहा है, तो यह इसे और महत्वपूर्ण बनाता है। साथ ही यह तालिबान के लिए एक राजनयिक जीत भी है। चीन अपने सुरक्षा और आर्थिक हितों को ध्यान में रखकर तालिबान के साथ सक्रिय तौर पर जुड़ा है और चीन ने अफगानिस्तान में अपना एक राजदूत भी नियुक्त किया है। रुस के अलावा अभी तक किसी और देश ने तालिबान को पूरी तरह से मान्यता नहीं दी है।

# औरत और लड़की की आत्मा



साल 1950 का यह एक चौंकाने वाला किस्सा रानी बाजार का है। यहां रामप्रकाश रहता था, जिसकी बेटी को पांच साल की उम्र में कैंसर हो गया। कई डॉक्टरों को दिखाने और इलाज कराने पर भी उसमें किसी तरह का सुधार नजर नहीं आया। होते-होते एक रात कैंसर ने उसकी जान ले ली।

उस बच्ची की जान रात को करीब एक बजे गई थी। उसी रात को पास के ही एक गांव की महिला मोहिनी को एक ट्रक ने टक्कर मार दी थी। मोहिनी के परिवार वालों ने पूरी विधि के साथ उसे अंतिम विदाई दी। अब बच्ची के परिवार वाले भी उसे दफनाने के लिए जंगल की तरफ निकले।

जंगल जाते समय अचानक से उस लड़की के शरीर में हलचल हुई। सभी हैरान हो गए कि मृत लड़की का शरीर कैसे हिल रहा है। थोड़ी ही देर में लड़की जिंदा हो गई और उसके परिवार वाले खुशी-खुशी उसे अपने साथ घर ले आए। किसी को इस बात की भनक नहीं थी कि उस लड़की के अंदर उसी रात ट्रक से टकराने वाली मोहिनी की आत्मा घुस गई थी।

बच्ची जब से मौत से लौटकर आई थी, तब से ही उदास और चुपचाप एक कोने में बैठी रहती थी। एक दिन उसकी मां ने उसे खुद अपने हाथों से खाना खिलाया और मामा के घर लेकर जाने की बात कही। खाना खिलाकर उसे अच्छे से तैयार करके वो उसे अपने मायके ले गई। रास्ते में वो बच्ची जैसे ही उस ट्रक के हादसे वाली जगह पहुंची, तो उसने अपनी मां को कहा कि मेरा गांव इधर है।

मां ने उसकी बातों पर बिल्कुल गौर नहीं किया और उस बात को हंसी में टाल दिया। कुछ ही देर में वो अपनी बेटी के मामा यानी अपने भाई के घर पहुंच गई। एक-दो दिन बाद मामा जी के घर के आसपास ही बच्ची के अंदर घुसी मोहिनी को अपनी पड़ोसन सिमरन दिखी। उसने जोर से उसे नाम से पुकारा।

सिमरन ने पलटकर देखा, तो एक छोटी बच्ची थी। उसे बड़ी हैरानी हुई कि इस लड़की को मेरा नाम कैसे पता है। तभी मोहिनी ने अपने साथ बीती सारी बातें उसे बता दी। उसने कहा कि मेरे परिवार वालों ने मेरी मौत से ही पहले मुझे जला दिया था, इसलिए मेरी आत्म भटक रही है। उसी दिन इस लड़की की भी मौत हो गई थी, तो मैं इसके शरीर में घुस गई।

सिमरन ने ये बात अपने गांव जाकर सबको बता दी। पूरे गांव वाले और उसके रिश्तेदार मोहिनी से मिलने के लिए उसी बच्ची के मामा के घर के पास पहुंच गए। उस लड़की के अंदर रह रही मोहिनी की आत्मा ने सबको एक-एक करके पहचान लिया। कुछ देर बातें करने के बाद वो अपने परिवार वालों के साथ अपने घर चली गई।

अब उस लड़की की मां बच्ची को घर में न देखकर परेशान थी। जब उसे पता चला कि वो कुछ लोगों के साथ दूसरे गांव गई है, तो वो उसे बुलाने के लिए चली गई। अपने परिवार के साथ खुश मोहिनी ने वापस आने से मना कर दिया। पास के ही लोगों ने उसे समझाया कि तुम्हें दोनों परिवार के साथ रहना चाहिए। इससे सभी को खुशी मिलेगी। तुम किसी एक परिवार को दुखी नहीं कर सकती हो।

इस बात को सुनने के बाद लड़की के शरीर में रह रही मोहिनी अपनी मां के साथ वापस आने के लिए राजी हो गई। अब वो दोनों परिवारों के साथ खुशी-खुशी रहने लगी।

### कहानी से सीख

जल्दबाजी में किया गया है कार्य अधूरा रह जाता है, इसलिए कोई भी कार्य करने से पहले उसे अच्छे से देख-परख लेना चाहिए।

## रंग भरो



## Uttarpradesh

# अयोध्या: राम मंदिर के शिखर पर 22 फीट लंबा भगवा ध्वज फहराएंगे पीएम मोदी, ध्वज का रंग और प्रकार तय

**लखनऊ, (एजेंसी)** राम मंदिर के शिखर पर फहराए जाने वाले ध्वज का आकार-प्रकार और रंग रूप तय हो गया है। विवाह पंचमी के दिन 25 नवंबर को आयोजित ध्वजारोहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी 191 फीट ऊंचे राम मंदिर के शिखर पर यह ध्वज फहराएंगे। यह निर्णय राम मंदिर की धार्मिक समिति की शुक्रवार को हुई बैठक में लिया गया है। राम मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी त्रिकोण आकृति में भगवा रंग के 11 फीट चौड़े और 22 फीट लंबे ध्वज को फहराएंगे, जिस पर सूर्यवंशी और त्रेता युग का चिह्न स्थापित किया जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने इस पर सहमति



बना ली है। शुक्रवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के धार्मिक समिति के सदस्यों की अहम बैठक जानकी घाट स्थित वैदेही भवन में हुई। धार्मिक समिति के सदस्य गोपाल राव ने बताया कि बैठक में 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण कार्यक्रम की रूपरेखा पर मंथन किया गया है। दीपोत्सव के बाद सभी अतिथियों को निमंत्रण पत्र भेजा जाएगा। बताया कि ध्वजारोहण कार्यक्रम के स्वरूप पर भी मंथन हुआ है। कौन-कौन से कार्यक्रम किए जाने हैं, इस पर अभी विचार चल रहा है। ध्वजारोहण समारोह में आठ से 10 हजार मेहमान शामिल होंगे। इनकी सूची फाइनल की जा रही है। बैठक में ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी, सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा, गोपाल राव समेत अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## Bihar

# मुजफ्फरपुर में ट्रैक्टर और पिकअप की आमने-सामने भीषण टक्कर, 4 की मौत, कई घायल



**मुजफ्फरपुर, (एजेंसी)** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मीनापुर थाना क्षेत्र में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। मीनापुर के खेमाईपट्टी और दरही पट्टी के बीच ट्रैक्टर और पिकअप की आमने-सामने टक्कर में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब 20 से 25 लोग समस्तीपुर के सीयूरी मेला देखकर पिकअप से घर लौट रहे थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, मृतकों में मीनापुर के पूरनिया गांव के तीन लोग शामिल हैं, जबकि चौथा व्यक्ति दूसरे गांव का रहने वाला था। सभी लोग पिकअप के पिछले हिस्से में सवार थे और मेला से लौटते वक्त अचानक सामने से आ रहे ट्रैक्टर से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिकअप के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही मीनापुर थाना पुलिस और 112 नंबर की टीम मौके पर पहुंची। एएसआई जितेंद्र कुमार ने बताया कि गश्त के दौरान उन्हें हादसे की जानकारी मिली। कुछ घायलों को स्थानीय वाहनों से और अन्य को पुलिस की गाड़ी से एसकेएमसीएच अस्पताल भेजा गया। उन्होंने बताया कि हादसे में तीन वयस्क और एक बच्ची की मौत हुई है, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

## Maharashtra

# अनिल अंबानी की रिलायंस पावर के अधिकारी को ईडी ने किया गिरफ्तार जानें किस मामले में हुई कार्रवाई

**मुंबई, (एजेंसी)** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उद्योगपति अनिल अंबानी के रिलायंस समूह (अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप) के एक शीर्ष अधिकारी को धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया कि रिलायंस पावर के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) अशोक पाल को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धाराओं के तहत शुक्रवार को हिरासत में लिया गया। गौरतलब है कि ईडी अनिल अंबानी समूह की कई कंपनियों से जुड़े हजारों करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच कर रही है।



## Tamil Nadu

# चेन्नई एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला, इंडिगो फ्लाइट की विंडशील्ड में आई दरार, सभी 76 यात्री सुरक्षित

**चेन्नई, (एजेंसी) चेन्नई के हवाई अड्डे पर गुरुवार देर रात एक बड़ी घटना होते-होते बच गई। मदुरै से चेन्नई आ रही इंडिगो की एक फ्लाइट की सामने की विंडशील्ड (कॉकपिट ग्लास) में दरार (क्रैक) पड़ गई। सूत्रों के अनुसार, यह दरार लैंडिंग से ठीक पहले पायलट की नजर में आई। इंडिगो की यह उड़ान रात 11:12 बजे सुरक्षित रूप से लैंड हुई, जिसमें 76 यात्री सवार थे।**

जैसे ही पायलट ने दरार देखी उसने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) को सूचित किया। इसके बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल तुरंत सक्रिय कर दिए गए, जिससे विमान सुरक्षित रूप से रनवे पर उतारा जा सका। सभी यात्रियों को सुरक्षित तरीके से विमान से उतार लिया गया और किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं मिली।

लैंडिंग के बाद विमान को बे नंबर 95 पर खड़ा



किया गया, जहां तकनीकी टीमों ने क्षतिग्रस्त ग्लास पैनल को बदलने की तैयारी शुरू कर दी। हालांकि, दरार के कारणों की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं हो पाई है।

आपको बता दें कि इस घटना के कुछ घंटे पहले ही केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने प्रमुख घरेलू एयरलाइनों और विमानन अधिकारियों के साथ एक मासिक समीक्षा बैठक की थी।

## खेल

# दो साल में भारत का घर पर चौथी बार एक दिन में 300+ का स्कोर, यशस्वी का दिखा दम, साई ने भी बिखेरी चमक

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय टीम ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के शानदार प्रदर्शन की मदद से दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन 300 के पार स्कोर बनाया। वेस्टइंडीज के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में दो विकेट गंवाकर 318 रन बना लिए हैं। फिलहाल यशस्वी जायसवाल 173 रन और कप्तान शुभमन गिल 20 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों के बीच अब तक तीसरे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी हो चुकी है।**



वेस्टइंडीज की कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के सामने एक बार फिर भारतीय बल्लेबाजों का दम दिखा है। पहले दिन जहां यशस्वी ने अपना दम दिखाया और सातवां टेस्ट शतक जड़ा, वहीं पिछले मैच में नाकाम रहे साई सुदर्शन भी चमक बिखेरने में सफल रहे। टीम प्रबंधन ने सुदर्शन पर भरोसा जताया और वह इसमें खरे उतरे। भारतीय टीम ने इस मैच के लिए प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया और उसी एकादश को बरकरार रखा जो अहमदाबाद टेस्ट में खेली थी।

पहले दिन वेस्टइंडीज के गेंदबाज सिर्फ दो विकेट ही ले सके। भारतीय टीम को जो दो झटके लगे हैं, उनमें केएल राहुल और साई सुदर्शन के विकेट शामिल हैं। वेस्टइंडीज के लिए दोनों विकेट जोमेल वारिकन ने लिए। शुरुआती दिन वेस्टइंडीज की गेंदबाजी काफी खराब रही और तीनों ही सत्र में भारतीय बल्लेबाजों का बोलबाला रहा। भारत के लिए राहुल 38 रन और सुदर्शन 87 रन बनाकर आउट हुए। सुदर्शन शतक से चूक गए, लेकिन यशस्वी ने टेस्ट करियर का सातवां शतक जड़ा। उन्होंने सुदर्शन के साथ दूसरे विकेट के लिए 193 रन की साझेदारी निभाई।

भारतीय टीम का घरेलू मैदान पर हमेशा ही दबदबा रहता है और ऐसा ही वेस्टइंडीज के खिलाफ भी देखने मिला है। भारत ने 2024 से अपनी सरजमीं पर खेले पांच में से चार बार टेस्ट मैच के पहले दिन 300 से अधिक रन बनाए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले साल बंगलूरू टेस्ट मैच को छोड़ दें तो टीम शुरुआती दिन से ही दबदबा बनाए रखती है। 2024 से पहले दिन बल्लेबाजी की बात करें तो भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ विशाखापत्तनम में छह विकेट पर 336, इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट टेस्ट में पांच विकेट पर 326, बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई में छह विकेट पर 339 और अब वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में खेले जा रहे टेस्ट मैच के शुरुआती दिन दो विकेट पर 318 रन बनाए। वहीं, न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम शुरुआती दिन 46 रन पर ऑलआउट हुई थी। पहला दिन पूरी तरह यशस्वी जायसवाल के नाम रहा जिन्होंने तीनों सत्र में बल्लेबाजी की और शुरुआती दिन नाबाद रहकर ड्रेसिंग रूम लौटे।

## सिनेमा

# अमिताभ बच्चन का 83वां जन्मदिन, 'जलसा' के बाहर फैंस की उमड़ी भीड़, सुपरस्टार के लिए मांगी दुआ



अमिताभ बच्चन इंडियन फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े सुपरस्टार में से एक हैं। उनका स्क्रीन प्रेजेंस आज भी आइकॉनिक माना जाता है. वो जिस उम्र में आज हैं, उसमें भी लगातार काम कर रहे हैं. टेलीविजन पर 'केबीसी' के साथ, वो फिल्मों में भी नजर आते हैं. अब आज अमिताभ बच्चन अपना 83वां जन्मदिन मना रहे हैं. अमिताभ बच्चन की फैन फॉलोइंग इंडिया में काफी ज्यादा है. हर कोई उनकी कलाकारी का दीवाना है. देश के हर कोने से फैंस उनके मुंबई स्थित घर 'जलसा' को देखने पहुंचते हैं. अमिताभ हर संडे अपने फैंस से भी उनके घर के बाहर आकर मिलते हैं. ऐसे में आज जब सुपरस्टार का जन्मदिन है, तो फैंस भारी संख्या में उन्हें मुबारकबाद देने पहुंच गए हैं. सैकड़ों की संख्या में जुटे चाहने वालों ने रात के 12 बजट ही अमिताभ बच्चन के लिए केक काटा, मिठाइयां बांटी और जोर-शोर से "हैप्पी बर्थडे अमित जी, तुम जियो हजारों साल" के नारे लगाए. कई फैंस उनके मशहूर किरदारों कुली, विजय, के गेटअप में पहुंचे थे. सुपरस्टार के घर के बाहर का माहौल पूरी तरह उत्सव जैसा था. देश के अलग-अलग हिस्सों से आए फैंस की एक ही तमन्ना थी कि उन्हें बस एक झलक अमिताभ जी की मिल जाए. सुरक्षा को ध्यान में रखकर मौके पर पुलिसकर्मी भी तैनात रहे.

## Highlights

1. Delhi to get Jungle Book, insect-themed children parks
2. Girl student dies by suicide in Hyderabad
3. Hyderabad man held after evading arrest for 30 years
4. India upgrades Afghan mission to full embassy status amid Taliban minister's visit
5. Mafias not allowing us to solve B'luru's garbage issue: Shivakumar
6. MEA unveils draft Overseas Mobility Bill to replace Emigration Act

# Central Asian airlines flock to New Delhi amid visa-free travel, growing trade

**NEW DELHI, (Agency).** The Delhi airport, reeling from the impact of closure of Pakistan's airspace for Indian airlines, is seeing newer carriers from Central Asia touchdown.

Central Asian airlines are flocking to India like never before, so much so that there will soon be 24 weekly flights on seven carriers connecting Central Asia to New Delhi.

Here's a lowdown on Central Asian flights from New Delhi:

Uzbekistan's Centrum Air has two Tashkent-Delhi flights per week.

Uzbekistan Airlines operates daily flights on the Tashkent-Delhi route.

Air Astana operates 10 flights a week to Almaty from New Delhi. Aero Nomad and TezJet operate once a week each to Bishkek. Somon Air operates once a week to Dushanbe. Turkmenistan Airlines operates twice a week to Ashgabat. In December, Krgyz carrier TezJet will launch weekly operations to New Delhi. Already, Aero Nomad operating a weekly service between the two countries. Aviation Dynamics As a wave of privatisation sweeps



over Central Asia, its airlines are looking beyond Russia to expand their flight operations. India, especially New Delhi, fits in perfectly both in terms of range and traffic profile. Before the covid pandemic, there were 26 weekly flights between India and the five Central Asian countries—all operated by their carriers. That figure will increase to 45 by December and can even rise to 59 if the Pakistan airspace opens up and IndiGo reinstates its flights from Delhi. IndiGo did launch flights to Almaty and Tashkent in September 2023, but had to pull them out overnight after the Pahalgam terror attack and the Operation Sindoor that followed. The airline eventually launched flights from Mumbai, losing ground to Air Astana and Uzbekistan Airlines on routes to Almaty and Tashkent from New Delhi. Now, Centrum Air has also joined them.

The five Central Asian republic nations—Kazakhstan, Kyrgyzstan, Tajikistan, Turkmenistan, and Uzbekistan—had been closely controlled even after the fall of the Soviet Union in 1991. But things change. From "tourist police" and invite-only visa to becoming visa-free for up to 14 days for Indians, Kazakhstan has come a long way—and it shows. Kazakhstan, as well as Uzbekistan, were the first to open up to the world and reap the benefits of a liberal visa regime, attracting tourists to some of the most pristine natural landscapes and historical monuments along the ancient Silk Route.

# Silver ETFs shine in India as investors chase record returns amid pricey gold

**NEW DELHI, (Agency).** India's silver exchange-traded funds are suddenly in the spotlight, attracting record inflows and delivering eye-catching returns—but experts warn that the rally may be getting ahead of itself.According to Reuters, silver ETFs have drawn ₹8,603 crore in inflows during the first eight months of 2025, surpassing last year's total.



Some silver ETFs have delivered returns of 50–55% so far this year, according to The Economic Times, far outpacing gold and equity benchmarks. For investors who missed the gold rally, silver has become the new "catch-up" trade. The surge comes as global silver prices have rallied sharply to $50 per ounce—the highest in more than four decades—driving up returns for silver ETFs in India. This exuberance has also led to distortions.

Silver ETF Surge- According to a Moneycontrol report, several silver ETFs in India are now trading at a significant premium to their indicative net asset value, meaning investors are paying more than the actual worth of the underlying silver. This is a sign that demand is far outstripping supply, particularly because most silver ETFs back their units with physical silver, which has become harder to source amid tight global supply chains.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

# I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.



# WHO AM I?

# I AM THE DETECTIVE !

Helping Secretly & Securely...

WWW.DETECTIVEGROUP.IN

Visit our website & Submit your Query...
Team will contact you within 24 hrs...

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक